809

# प्रथम कालांत योगात्मक आकलन 2025-2026

FIRST TERM SUMMATIVE ASSESSMENT 2025-2026

**A**

तीसरी भाषा (Third Language)

STD. VIII

Time : 90 Mts
Score : 40

## हिंदी (Hindi)

---

सामान्य निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

---

**सूचना : 'जूलिया और लूना' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

दिन, हफ़्ते, महीने बीत गए। पर लड़की तो उतरी ही नहीं। लोगों को जब पता चला तो उसके लिए खाना, पानी, स्टोव, किताबें, गद्दा, कंबल, कपड़े सब ले आए। "शुक्रिया" लड़की चहचहाई। उसने चिड़ियों की तरह पेड़ पर अपना घोंसला बना लिया।

1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

   (क) लोगों ने लड़की को धन्यवाद दिया।

   (ख) लड़की ने लोगों को धन्यवाद दिया।

   (ग) लड़की ने चिड़ियों को धन्यवाद दिया।

   (घ) पेड़ों ने चिड़ियों को धन्यवाद दिया।

2. लोगों ने लड़की की मदद क्यों की? 2

3. जुलाई 1 से 7 तक 'वनमहोत्सव' मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 'पेड़ की रक्षा हमारी सुरक्षा' का संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें। 4

**सूचना : 'पेड़' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

पेड़ तुम पेड़ नहीं
तुम दर्जी
तुमने कितने सिले घोंसले
कितनी सिलीं हवाएँ
धूप सिली तो बिखर गईं
कतरन-कतरन छायाएँ

4. छायाएँ कैसे बिखर गईं? 1

(क) हवा पड़ने से
(ख) धूप पड़ने से
(ग) पानी पड़ने से
(घ) बारिश होने से

5. पेड़ को क्यों दर्जी कहा गया है? 2

6. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

**अथवा**

'पेड़' कविता के संदेश पर **लघु लेख** लिखें।

- पेड़ से लाभ
- मानव से पेड़ का संबंध
- पर्यावरण की सुरक्षा
- पेड़ के संरक्षण का दायित्व

**सूचना : 'हाची की कहानी' का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> समय के साथ हाची बूढ़ा हो गया। लेकिन उसने इंतज़ार करना नहीं छोड़ा। 1935 में उसी जगह बैठे-बैठे उसने दम तोड़ दिया। उस समय बर्फ़ गिर रही थी। मरे हुए हाची की खुली आँखों को जैसे अब भी इंतज़ार था। हाची की स्मृति में स्टेशन के बाहर उसकी प्रतिमा स्थापित है।

7. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) यह + ने = उसने
(ख) वे + ने = उसने
(ग) ये + ने = उसने
(घ) वह + ने = उसने

8. हाची किसकी प्रतीक्षा कर रहा था? क्यों? 2

9. हाची की मृत्यु के बारे में प्रोफेसर की पत्नी और दोस्त के बीच की **बातचीत** लिखें। 4

**अथवा**

'हाची की कहानी' के आधार पर प्रोफेसर और हाची के बीच की दोस्ती पर **टिप्पणी** लिखें।

- सड़क से पिल्ला मिलना
- प्रोफेसर से दृढ़ संबंध रखना
- हमेशा साथ चलना
- अंत तक इंतज़ार करना

**सूचना : 'जूलिया और लूना' कहानी का यह अंश पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> 738 दिनों तक पेड़ काटने का इंतज़ार करने के बाद एक दिन वे आदमी चुपचाप वहाँ से जाने लगे। "वादा करो यहाँ के किसी भी पेड़ को कभी नहीं काटोगे।" लड़की ने सेठ से वादा ले लिया। सारे पेड़ बच गए। उस लड़की का नाम जूलिया है, उस पेड़ का नाम है लूना। दोनों आज भी पक्के दोस्त हैं।

10. कोष्ठक के शब्दों की सहायता से वाक्य विस्तार करें। 3

(पेड़ों को, सारे, कट जाने से)

लड़की ने बचाया।

.......................................।

...............................................।

...........................................................।

11. पहचानकर लिखें कि कौन-सा क्रम सही है। 3

| | |
|---|---|
| च) जूलिया और लूना | त) वादा किया। |
| छ) हट्टे-कट्टे आदमियों ने | थ) लड़की की मदद की। |
| ज) सेठ ने | द) अच्छे दोस्त हैं। |
| | ध) लड़की को धमकाया। |

| (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|
| च - द | च - ध | च - द | च - त |
| छ - ध | छ - द | छ - त | छ - थ |
| ज - त | ज - थ | ज - ध | ज - द |

12. जूलिया के दृढ़ निश्चय का समाचार अखबार में आया। 'लड़की ने पेड़ पर चढ़कर किया विरोध' शीर्षक पर वह **समाचार** लिखें। 4

**अथवा**

जूलिया ने सेठ से पेड़ को कभी नहीं काटने का वादा लिया। जूलिया डायरी में यह लिखती है। वह **डायरी** लिखें।

**सूचना : 'हाची की कहानी' का यह अंश पढ़कर प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।**

आखिर प्रोफेसर खुद उसे घर तक छोड़कर आए और दफ़्तर देर से गए। शाम को काम से लौटने के बाद जब वे ट्रेन से उतरकर अपने स्टेशन के फाटक से निकले, तो देखा, बाहर सड़क पर हाची उनका इंतज़ार कर रहा है। वह उनके साथ-साथ पैदल घर लौटा। फिर तो यह रोज़ का सिलसिला बन गया।


13. वह उनके साथ-साथ पैदल घर लौटा। यहाँ '**वह**' कौन है? 1


(क) हाची (ख) प्रोफेसर

(ग) प्रोफेसर की पत्नी (घ) प्रोफेसर का दोस्त

(14) हाची के बारे में बताते हुए प्रोफेसर अपने मित्र के नाम पर पत्र लिखते हैं। प्रोफेसर का **पत्र** लिखें। 4


(15) नीचे दिए चित्रों को पहचानकर किन्हीं दो के बारे में एक-एक वाक्य लिखें। 2










(16) चित्रों के आधार पर दो प्रश्न बनाएँ। 2